रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
No. of printed pages : 4

**050**

**250 (HRT)**

# 2026

# कृषि विज्ञान

## AGRICULTURE SCIENCE

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 50**
**Time : 3 Hours ]** **[ Max. Marks : 50**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 7 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 निश्चित उत्तरीय प्रश्न है।

Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 is definite answer type question.

(v) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) निम्नलिखित में से जायद की फसल है- 1

(i) तरबूज (ii) गेहूँ (iii) मटर (iv) मक्का

Zaid crop among the following is-

(i) Watermelon (ii) Wheat (iii) Pea (iv) Maize

(ख) गन्ने का वानस्पतिक नाम है- 1

(i) ऐराकिस हाइपोजिया (ii) ओराइजा सटाइवा

(iii) सैकेरम औफीसिनेरम (iv) केजानस कजान

Botanical name of Sugarcane is-

(i) Arachis hypogaea (ii) Oryza sativa

(iii) Saccharum officinarum (iv) Cajanas cajan

(ग) अरहर की दाल में प्रोटीन प्रतिशत है- 1

(i) 42% (ii) 36% (iii) 28% (iv) 22%

Percentage of protein in pigeon pea is-

(i) 42% (ii) 36% (iii) 28% (iv) 22%

(घ) सब्जियों की डिब्बाबन्दी में नमक का घोल कितने प्रतिशत का प्रयोग करते हैं? 1

(i) 0.5 (ii) 2 (iii) 1 (iv) 3

What percent of salt solution is used in canning of vegetables-

(i) 0.5 (ii) 2 (iii) 1 (iv) 3

(ङ) दुधारू गाय को प्रतिदिन देय नमक की उपयुक्त मात्रा है- 1

(i) 60 ग्राम (ii) 40 ग्राम (iii) 30 ग्राम (iv) 10 ग्राम

The appropriate amount of salt to be given daily to a lactating cow is-

(i) 60 gm (ii) 40 gm (iii) 30 gm (iv) 10 gm

2. निम्नलिखित प्रश्न खण्डों के उत्तर दीजिये- 1×5=5

(क) गेहूँ की शुष्क क्षेत्र में खेती करने के लिये संस्तुत किन्हीं **दो** प्रजातियों के नाम लिखिये।

(ख) मंडुए की कोई **एक** झोंका रोगरोधी किस्म का नाम लिखिये।

(ग) संतरा का वैज्ञानिक नाम लिखिये।

(घ) इलाहाबाद सफेदा किस फसल की प्रजाति है?

(ङ) भूसे में शुष्क पदार्थ की मात्रा कितने प्रतिशत होती है?

Answer the following parts of question-

(a) Write the names of any **two** species recommended for wheat cultivation in dry areas.

(b) Write the name of any **one** blast resistant variety of Ragi.

(c) Write the scientific name of Orange.

(d) Allahabad Safeda is a variety of which crop?

(e) What is the percentage of dry matter in straw?

3. निम्नलिखित प्रश्न खण्डों के उत्तर दीजिये- 2×5=10

(क) मानव जीवन में सब्जियों के महत्व पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

(ख) फूलगोभी में आर्द्र पतन रोग का कारण व रोकथाम के उपाय लिखिये।

(ग) बाग लगाने की वर्गाकार विधि की क्या विशेषताएं हैं?

(घ) गुलाब की कोई दो प्रजातियों के नाम लिखिये।

(ङ) पशुओं में गला घोंटू रोग के लक्षण लिखिये।

Answer the following parts of question-

(a) Write a short note on importance of vegetables in human life.

(b) Write the cause of Damping off disease in cauliflower and methods to prevent it.

(c) What are the characteristics of the square method of planting a garden.

(d) Write names of any two varieties of rose.

(e) Write the symptoms of Hemorrhagic Septicemia disease in animals.

4. निम्नलिखित प्रश्न खण्डों के उत्तर दीजिये- 3×5=15

(क) उपयोग के आधार पर फसलों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है? उदाहरण सहित समझाइये।

(ख) आम के प्रसारण की प्रचलित विधि क्या है? संक्षिप्त में समझाइये।

(ग) ग्लैडुलस की वैज्ञानिक खेती एवं उपयोग पर टिप्पणी लिखिये।

(घ) उत्तराखण्ड में पुष्पोत्पादन का क्या महत्व है?

(ङ) पशुशाला निर्माण में क्या बातें ध्यान में रखनी चाहिये?

Answer the following parts of question-

(a) How the classification of crops is done according to utilization. Explain with example.

(b) What is the popular method of propagation of Mango? Describe in short.

(c) Write a note on scientific farming and use of Gladiolus.

(d) What is the importance of floriculture in Uttarakhand?

(e) What are the things should be kept in mind while constructing a cattle shed?

5. गेहूँ **अथवा** मटर की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिये- 1×5=5

(क) दो संस्तुत प्रजातियाँ

(ख) बीज दर प्रति हेक्टेयर एवं बुवाई का समय

(ग) नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की मात्रा प्रति हेक्टेयर

(घ) सिंचाई

(ङ) उपज प्रति हेक्टेयर

Describe the cultivation of Wheat **or** Pea under the following heads-

(a) Two recommended varieties

(b) Seed rate per hectare and sowing time

(c) Requirement of Nitrogen, Phosphorus and Potash per hectare

(d) Irrigation

(e) Yield per hectare

6. लीची **अथवा** अमरूद की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिये- 1×5=5

(क) संस्तुत प्रजातियाँ

(ख) प्रसारण विधियाँ

(ग) खाद एवं उर्वरक

(घ) सिंचाई

(ङ) उपज प्रति हेक्टेयर

Describe the cultivation of Litchi **or** Guava under the following heads-

(a) Recommended varieties

(b) Propagation methods

(c) Manures and fertilizers

(d) Irrigation

(e) Yield per hectare

7. पशु आहार पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिये। 5

Write a short essay on animal food.

**अथवा/OR**

पशुधन विकास की आवश्यकता एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा कीजिये।

Discuss in detail the need and importance of livestock development.

*****